देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नालॉजी दुर्ग में NIOS प्रशिक्षण

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजेकेशन एण्ड टेक्नालॉजी दुर्ग को **NIOS** का ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया जिसमें 100 विद्यार्थियों का प्रवेश द्विवर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिए किया गया। जिसमें प्राइवेट व सरकारी विद्यालयों के प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के शिक्षक ट्रेनिंग सेंटर के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण कौशलों को सीख रहे है। उन्हे सहायक शिक्षण सामाग्री का सदुपयोग, शिक्षण की विभिन्न शैलियों का ज्ञान व नवीन टेक्नालॉजी जैसे–**Multimedia, P.P.T.** व **Internet, You tube** के प्रयोग का शिक्षण कार्य में उपयोग करना सिखाया जा रहा है।

इसके साथ विद्यार्थियों को कोलार्ज बनाना, रंगोली व प्रार्थना सभा, डिस्प्ले बोर्ड जैसी दैनिक सह–शैक्षणिक गतिविधियों को कर उनके महत्व व उपयोगों को भी समझ रहे है। कार्यक्रम का संचालन सफलता पूर्वक किया गया जिसमें 26 दिसम्बर से लगातार 31 दिसम्बर व 7 जनवरी तक प्रथम सेमेस्टर की सम्पर्क कक्षाओं को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण कोर्स के लिए बहुत ही उत्साह था। सभी प्रशिक्षार्थी अपनी 100% उपस्थिति दे रहे है व महाविद्यालय के प्रत्येक शैक्षणिक कार्य के प्रति बहुत रूचि ले रहे है।

कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था प्रमुख श्रीमती ज्योति शर्मा, संस्था प्रमुख सहायक श्रीमती बबली रीना साहु, कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती ज्योति पुरोहित व कार्यक्रम के विषयवार शिक्षक श्रीमती ममता दुबे, श्रीमती वर्षा शर्मा व कॉजल साव का संपूर्ण सहयोग प्रशिक्षुओं की दिया जा रहा है।